# प्रोमिनेंस वर्ल्ड स्कूल को शिक्षा में प्रौद्योगिकी के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार




नोएडा (वि)। प्रोमिनेंस वर्ल्ड स्कूल को शिक्षाशास्त्र में प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार एक्सीलेंस इन एडॉप्शन इन पेडागॉजी 2024 से सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार को एल्ड्रोक इंडिया द्वारा आयोजित के-12 लीडर्स अवॉडर्स समारोह में स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. मृणालिनी सिंह ने अवॉर्ड प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरस्कार छात्रों को तकनीकी कौशल से लैस करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि स्कूल के प्रबंध निदेशक मयंक यादव के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।